Printed Pages = 6

Roll No. ____________

V—128

Annual Examination, 2020

B.A. Part II

हिन्दी साहित्य

Paper I

(अर्वाचीन हिन्दी काव्य)

Time : 3 Hours] [MAXIMUM MARKS : 75

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

इकाई–I

1. निम्नलिखित अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— **21**

(क) सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त प्रवाह हो,
गुण, शील, साहस, बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।
सबके हृदय में सर्वदा सम वेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो।

अथवा

सखि बसन्त आया
भरा हर्ष वन के मन

P. T. O.

Scanned with OKEN Scanner

नवोत्कर्ष छाया।

किसलय-वसना नव-लय लतिकन

मिली मधुर प्रिय उत्तर तरु पतिका

मधुप-वृन्द बन्दी

पिक स्वर नाम सर साया।

(ख) सुरपति के हम ही हैं अनुचर

जगत्प्राण के भी सहचर

मेघदूत की सजल कल्पना

चातक के सिर-जीवन धर।

अथवा

सदा सहना, सदा श्रम साधना मर-मर

वही हैं जो लिये छोटों का मृत-वृत है,

तनिक छोटों से घुल-मिलकर रहो जीवन

बड़े सब मिट गए, छोटे सब सलामत हैं।

(ग) घर

मेरा कोई है नहीं

घर मुझे चाहिए ?

घर के भीतर प्रकाश हो,

इसकी भी मुझे चिन्ता नहीं है।

प्रकाश के घेरे के भीतर मेरा घर हो,

इसी की मुझे तलाश है।

ऐसा कोई घर आपने देखा है ?

अथवा

कोई छींकता तक नहीं

इस डर से

कि मगध की शांति

भंग न हो जाए

मगध को बनाये रखना है, तो

रहनी ही चाहिए

मगध है तो शांति है

कोई चीखता तक नहीं

इस डर से

कि मगध की व्यवस्था में

दखल न पड़ जाये

मगध में व्यवस्था रहनी ही चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

इकाई–II

2. मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताएँ बताइए। 1

अथवा

'निराला वैविध्य के कवि हैं।' सोदाहरण इस कथन की पु
कीजिए।

इकाई–III

3. 'पंत प्रकृति के कुशल चितेरे हैं।'' इस कथन को स्प
कीजिए। 1

अथवा

'अज्ञेय' को प्रयोगवाद का जनक कहा जाता है। इस कथ
को सोदाहरण सिद्ध कीजिए।

इकाई–IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1

(i) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियाँ,

(ii) नयी कविता की विशेषताएँ,

(iii) प्रगतिवाद का सामान्य परिचय,

Scanned with OKEN Scanner

(iv) हरिऔध और उनका 'प्रिय प्रवास',

(v) सुभद्राकुमारी चौहान की काव्य विशेषताएँ।

इकाई–V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए— **15**

(i) मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं ?

(ii) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(iii) पंत द्वारा रचित महाकाव्य का नाम लिखिए।

(iv) राष्ट्रीय बसंत की प्रथम कोकिला किसे कहा जाता है ?

(v) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

(vi) 'तारसप्तक' का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(vii) निराला के किसी एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए।

(viii) 'माया दर्पण' काव्य संग्रह किस कवि का है ?

(ix) 'ग्राम्या' काव्य संग्रह के कवि का नाम लिखिए।

(x) निराला का जन्म कहाँ हुआ था ?

(xi) 'जयद्रथ वध' किस कवि की रचना है ?

(xii) अज्ञेय की किसी एक उपन्यास का नाम लिखिए।

Scanned with OKEN Scanner

(xiii) छायावाद का प्रवर्तक कवि किसे माना जाता है ?

(xiv) 'हिन्दी के सुमनों के प्रति पत्र' किसे सम्बोधित है ?

(xv) माखनलाल चतुर्वेदी ने किस कविता की रच
बिलासपुर के जेल में रहकर की ?

(xvi) गुप्त जी की रचनाओं का प्रमुख स्वर क्या है ?

(xvii) 'तोड़ती पत्थर' कविता में किसका चित्रण है ?

(xviii) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

✪✪✪✪✪ B ✪✪✪✪✪